भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. +838
सोमवार, 7 फरवरी, 2022/18 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत उत्तर-पूर्व में पर्यटन स्थल**

**+838. श्री अब्दुल खालेकः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के विकास कार्यक्रम के तहत उत्तर-पूर्व के पर्यटन स्थलों का चयन किया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में स्थानों की राज्य-वार सूची क्या है;

(ग) असम में पर्यटन स्थलों पर शुरू की गई परियोजनाओं और की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की असम में और अधिक पर्यटन स्थलों को शामिल करने की कोई योजना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(ङ) क्या सरकार की बरपेटा के कीर्तन घर और आस-पास के सत्रों और बोंगाईगांव के बाघेश्वरी मंदिर के आस-पास केंद्रित कोई पर्यटन विकास योजना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस मामले में कब तक कार्यवाही किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) पर्यटन स्थलों की पहचान और विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार / केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन की जिम्मेदारी है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु राज्य सरकार / केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन / केंद्रीय एजेंसियों आदि को निधि प्रदान करता है। इस योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में कुल 1337.63 करोड़ रुपये की 16 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। भारत के उत्तर पूर्व क्षेत्र में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध I** में दिया गया है।

**(ग)** से **(घ)** पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन की अपनी योजना के तहत असम में **02** परियोजनाओं को मंजूरी दी है**,** इन परियोजनाओं का स्थान-वार स्वीकृति विवरण **अनुबंध** II में दिया गया है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत नई परियोजनाओं पर इस समय विचार नहीं किया जा रहा है ।

******

**अनुबंध I.**

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत उत्तर-पूर्व में पर्यटन स्थल के सम्बन्ध में दिनंका 07.02.2020 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +838 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।**

**(करोड़ रु में)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | पूर्वोत्तर परिपथ | 2014-15 | भालुकपोंग- बोमडिला और तवांग में मेगा परिपथ का विकास। | 49.77 | 39.81 |
| 2. | | पूर्वोत्तर परिपथ | 2015-16 | नफरा, सेप्पा, पप्पू, पासा, पक्के घाटियों, लुमडुंग, लफांग सोहंगलेक, तारो यार, न्यू सागली, जीरो, योमचा का विकास | 96.72 | 84.24 |
| 3. | असम | वन्यजीव परिपथ | 2015-16 | मानस - पोबितोरा- नमेरी- काजीरंगा- डिब्रू-सैखोवा का विकास । | 94.68 | 86.51 |
| 4. | | विरासत परिपथ | 2016-17 | तेजपुर-माजुली-शिबसागर का विकास | 90.98 | 72.78 |
| 5. | मणिपुर | पूर्वोत्तर परिपथ | 2015-16 | मणिपुरः इम्फाल-खोंगजोम में पर्यटक परिपथ का विकास | 72.23 | 61.32 |
| 6. | | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशिबोदन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास। | 53.80 | 43.04 |
| 7. | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | 2016-17 | उमियाम (झील का दृश्य), यू लुम सोहपेटबनेंग- मावडिआंगडिआंग-आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास। | 99.13 | 94.14 |
| 8. | | पूर्वोत्तर परिपथ | 2018-19 | पश्चिम खासी पहाड़ियों का विकास (नोंगखलाव-क्रेमटिरोट-खुडोई और कोहमंग जलप्रपात-खरी नदी- मावथाद्रिशान, शिलॉन), जयंतिया हिल्स (क्रंग सूरी जलप्रपात- शिरमांग- ऊकसी), गारो हिल्स (नोक्रेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) | 84.97 | 45.98 |
| 9. | मिजोरम | पूर्वोत्तर परिपथ | 2015-16 | थेनजॉल और दक्षिण जोटे, जिलों सेरछिप और रेकी का एकीकृत विकास | 92.26 | 87.65 |
| 10. | | इको परिपथ | 2016-17 | आइजोल-रॉपुइछिप-ख्वाफावप-लेंगपुई- दुर्लांग-चटलांग-साकावरहमुइतुऐटलांग- मुथी-बेरातलावंग-तुइरियल एयरफील्ड- हमुइफंग में इको-साहसिक परिपथ का विकास | 66.37 | 49.53 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | 2015-16 | पेरेन-कोहिमा-वोखा में परिपथ का विकास | 97.36 | 92.49 |
| 12. | | जनजातीय परिपथ | 2016-17 | मोकोकचुंग-त्युएनसांग-मोन का विकास | 98.14 | 93.24 |
| 13. | सिक्किम | पूर्वोत्तर परिपथ | 2015-16 | रंगपो को जोड़ने वाले परिपथ का विकास (प्रवेश) - रोराथांग- अरितर- फादमचेन-नाथंग-शेराथांग- सोंगमो- गंगटोक-फोडोंग- मंगन- लाचुंग-युमथांग- लाचेन-थंगू-गुरुडोंगमेर- मंगन- गंगटोक-तुमिनलिंगी- सिंगतम (निकास)। | 98.05 | 92.77 |
| 14. | | पूर्वोत्तर परिपथ | 2016-17 | सिंगतम-माका-टेमी-बरमोइकटोकेल-फोंगिया-नामची-जोरथांग-ओखरे-सोम्बारिया-दारमदीन-जोरेथांग-मेली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 | 85.18 |
| 15. | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | 2015-16 | पूर्वोत्तर परिपथ का विकासः अगरतला - सिपाहीजाला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर- तीर्थमुख- मंदिरघाट- डंबूर-नारिकेलकुंजा- गंडाचारा- अंबासा | 82.85 | 68.58 |
| 16. | | पूर्वोत्तर परिपथ | 2018-19 | सूरमाचेरा - उनाकोटी-जम्पुई हिल्स-गुनाबती-भुनानेश्वरी-माताबारी-नीरमहल-बोक्सानगर- छोटाखोला-पिलक-अवंगचार्रा का विकास | 65.00 | 10.10 |
| | | | | Total | 1337.63 | 1107.36 |

**********

**अनुबंध-II**

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत उत्तर-पूर्व में पर्यटन स्थल के सम्बन्ध में दिनंका 07.02.2020 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +838 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत असम में स्वीकृत परियोजनाओं में शामिल स्थानों का विवरण।**

परियोजना 1: वन्यजीव परिपथ का विकास: स्वदेश दर्शन योजना के तहत मानस - पोबितोरा - नमेरी - काजीरंगा - डिब्रू सैखोवा असम।

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु में)** | **मुख्य घटक** |
|---|---|---|---|
| 1 | मानस | 39.22 | • लकड़ी की झोपड़ियां<br>• सम्पर्क मार्ग<br>• पर्यटक व्याख्या केंद्र<br>• हस्तशिल्प प्रदर्शनी केंद्र |
| 2 | पोबीतोरा | 14.26 | • लकड़ी की झोपड़ियां<br>• पर्यटक सूचना केंद्र<br>• मार्गस्थ सुविधा केंद्र |
| 3 | नामेरी | 6.08 | • लकड़ी की झोपड़ियां<br>• सम्पर्क मार्ग<br>• सौर प्रकाशन |
| 4 | काजीरंगा | 8.63 | • लकड़ी की झोपड़ियां<br>• हस्तशिल्प प्रदर्शनी केंद्र<br>• जलपान गृह |
| 5 | पानी दिहिंग | 3.93 | • मार्गस्थ सुविधा<br>• लकड़ी की झोपड़ियां<br>• सम्पर्क मार्ग |
| 6 | डिब्रू | 18.06 | • लकड़ी की झोपड़ियां<br>• हस्तशिल्प प्रदर्शनी केंद्र<br>• मगुरी बील में शौचालय ब्लॉक कैफेटेरिया के साथ प्रतीक्षा स्थल |
| | आकस्मिकता और परामर्श शुल्क सहित कुल योग | 94.68 | |

परियोजना 2: स्वदेश दर्शन योजना के तहत असम में तेजपुर-माजुली-शिबसागर का विरासत परिपथ के रूप में विकास।

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु में)** | **मुख्य घटक** |
|---|---|---|---|
| 1 | तेजपुर | 2.98 | • मार्गस्थ सुविधा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | • पर्यटक सूचना केंद्र |
| 2 | बामुनी हिल्स | 3.17 | • कैफेटेरिया<br>• रास्ते और पार्किंग |
| 3 | कमलाबाड़ी घाट | 33.73 | • लकड़ी की झोपड़ियां<br>• नावों के साथ क्रूज सेवा<br>• फ़्लोटिंग बार्ज<br>• पर्यटक आगमन केंद्र |
| 4 | समुगुरु सतरा | 4.48 | • पर्यटक व्याख्या केंद्र<br>• मास्क बनाने की कार्यशाला<br>• ओपन एयर थियेटर |
| 5 | माजुली | 8.71 | • जनजातीय हाट<br>• सांस्कृतिक केंद्र<br>• कैफेटेरिया और परिधीय विकास |
| 6 | सलमार | 13.21 | • लकड़ी की झोपड़ियां<br>• बुनाई और बांस शिल्प केंद्र<br>• प्रदर्शनी और बिक्री केंद्रकैफेटेरिया |
| 8 | जॉयसागर | 4.53 | • प्रोमेनेड का विकास<br>• पर्यटक सूचना केंद्र<br>• फ्लोटिंग जेट्टी |
| 9 | रंग घाट | 3.40 | • कैफेटेरिया<br>• भूदृश्य<br>• सौर परिसर प्रकाश व्यवस्था |
| 10 | तलातल घर | 6.10 | • भूदृश्य<br>• कैफेटेरिया<br>• सुरक्षा बाड़ लगाना<br>• हाट- 6 न. कियोस्क |
| 11 | चराइदेव मैदाम | 6.34 | • पैविलियन<br>• भूदृश्य<br>• कैफेटेरिया<br>• कंपाउंड वॉल |
| | आकस्मिकता और परामर्श शुल्क सहित कुल योग | 90.98 | |

*******